जाग उठा हमारा
आजाद हिन्दुस्तान
28 नवम्बर 2023

# पुलिस सुस्त और चौर चुस्त

# बड़वाह में लगातार जारी है चौरी को सिलसिला..पुलिस के प्रयास बने चौरों की चालाकी के सामने प्रयास विफल

## बीआरसी के घर चौरी के बाद अब सांवरिया विहार कालोनी में चोरीःचार सूने मकानों मकानों के ताले टूटे,





**बड़वाह - इन दिनों बड़वाह में चौर और पुलिस का खेल चलता नजर आरहा है ।नगर में आये दिन हो रही चौरियां थमने का नाम नही ले रही है और पुलिस भी उनको पकडने में अभी भी नाकाम नजर आरही है । कुछ समय पहले डॉ.अंशुल अग्रवाल के मकान पर चौरी हुई तो कुछ ही दिन पहले बड़वाह बीआरसी के घर फिर चौरों ने धावा बोला और अब सांवरिया विहार के चार घरों में चौरियां होने से लोग दशहत में जी रहे है वहीं पुलिस द्वारा अभी तक चोरौ को पकडने में कामयाबी नही मिलने से लोगों में आक्रोश है ।यदि अभी भी पुलिस ने इन चौरियों पर कंट्रोल नही किया हैतो उसे भारी जनाक्रोश का सामना कर सकता है । तो आईये जानते है कि चौरों की चालाकी के सामने पुलिस के प्रयास नाकामयाब क्यों होगये है ।**

### सांवरिया विहार कालोनी में चोरीःचार सूने मकानों मकानों के ताले टूटे, खरगोन की फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम करेगी जांच

बीती रात नगर की सांवरिया विहार कालोनी में चोरों ने एक साथ चार सूने घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने घरों के ताले तोड़कर बाइक भी चुरा ली। सुबह पड़ोसियों ने जब घरों के ताले टूटे हुए देखे तो इस वारदात की जानकारी पुलिस को दी।

जिन घरों में चोरी की वारदात हुई वो नौकरीपेशा थे। लगातार अवकाश होने पर अपने मूल निवास या बाहर गए हुए थे। बड़वाह एसबीआई बैंक की महेश्वर रोड़ शाखा के ब्रांच मैनेजर दिलीप कुमार बोनिया के घर चोरों ने ताले तोड़े। इस दौरान वे अपने मूल निवास दमोह गए हुए थे। बैंक कर्मचारी रंजित डांगरे ने बताया की मैनेजर को कालोनी वासियों का फोन आया था। उनसे सूचना मिलने पर यहां देखने आए। चोर घर का नकूचा कटर से काटकर अंदर घुसकर समान अस्त व्यस्त कर पीछे के दरवाजे से बाहर निकल गए।

मौके पर पहुंचे एसआई महेश यादव ने चोरी वाले मकानों में नही जाने की हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि खरगोन से फोरेंसिक टीम आकर जांच करेगी। एसआई यादव के मुताबिक तीन अन्य घरों में भी चोरी हुई है। जिसमें एक पंडित गोपाल जोशी फिलहाल खंडवा गए थे। बागोद में यूनियन बैंक के ब्रांच मैनेजर अनिल ठाकरे के सूने मकान में चोरी हुई। वे महाराष्ट्र में अपने गृह नगर गए थे। शिक्षक दिलीप कुमार नगावरे के घर चोरी हुई, वे रायपुर में है। इसके अलावा अर्जुन राणा के घर से बाइक चोरी हुई है।

एसआई महेश यादव ने बताया कि जिन घरों के ताले टूटे है, फिलहाल वे बाहर हैं। उनके आने पर ही चोरी हुए सामान की जानकारी मिल पाएगी। किसी को भी मकान में जाने की अनुमति नही दी है। खरगोन से फोरेंसिक एक्सपर्ट घरों में जांच की करेंगे। उल्लेखनीय है कि सांवरिया विहार में आए दिनों चोरी की वारदात होती रहती है। यहां के रहवासियों ने बीते कुछ माह पहले एक चौकीदार रखा था। जिससे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगा था। लेकिन चौकीदार को समय पर वेतन न मिल पाने के कारण उसने यह नौकरी छोड़ दी। जिसके बाद से फिर से चोरी की घटनाएं बढ़ी है। लेकिन चौकीदार को समय पर वेतन न मिल पाने के कारण उसने यह नौकरी छोड़ दी। जिसके बाद से फिर से चोरी की घटनाएं बढ़ी है।

### बड़वाह बीआरसी के घर में चोरीःनकदी व ज्वैलरी नहीं मिली तो सूने मकान से बाइक, बर्तन और कपडे ले गए

बड़वाह कस्बा अंतर्गत आने वाले गौरव नगर में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) सुरेश खेडेकर के सूने मकान पर चोरों ने धावा बोला। बीआरसी ने अपनी पत्नी के साथ खरगोन गए थे। शुक्रवार सुबह पडोसियों ने बीआरसी को चोरी की जानकारी दी। चोरी की सूचना पाकर शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे वे बडवाह पहुंचे।

बीआरसी ने बताया कि मुख्य द्वार का ताला टूटा था। चोरों ने घर में घुसकर कमरों में रखी अलमारियों का ताला तोडा। कपडों व सामान को अस्तव्यस्त कर दिया। इस वारदात में चोरों को नकदी या ज्वेलरी तो नहीं मिली, लेकिन घर में रखी बाइक व साले की बेटी की शादी के लिए खरीदे नए कपडे , बर्तन चुरा ले गए।

# उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया गुरू नानकदेव जी का 554 वां प्रकाश पर्व



बड़वाह -सिखों के पहले गुरु नानक देव जी की जयंती देशभर में प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जा रही है। यह पर्व समाज के हर व्यक्ति को साथ में रहने, खाने और मेहनत से कमाई करने का संदेश देता है। प्रकाश पर्व यानी मन की बुराइयों को दूर कर उसे सत्य, ईमानदारी और सेवाभाव से प्रकाशित करना है।

जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व को समर्पित स्टेशन रोड गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा बड़वाह से कीर्तन श्रद्धा और खालसाई शानो शौकत के साथ सजाया गया। नगर कीर्तन में जैसे ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश सिर पर लेकर गुरुद्वारा साहिब के भाई जी ने पालकी में विराजमान किया। वैसे ही संगतों में जोश आ गया और वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारे लगने शुरू हो गए।भले की अरदास से शुरुआत

पूरे रीति रिवाज और अरदास के साथ नगर कीर्तन शुरू किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने शहर की संगतों के सहयोग से श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया व पांच प्यारों के नेतृत्व में आयोजित महान नगर कीर्तन की शुरुआत सरबत के भले की अरदास के साथ की गई।

नगर कीर्तन में शामिल गुरु की संगतपवित्र शबद गुरबाणी का जाप कर श्री गुरु नानक देव जी का गुणगान कर रहे थे। समिति के अध्यक्ष सरदार रविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि कीर्तनी जत्थे की अगुआई समिति के सचिव सरदार सतविंदर सिंह भाटिया कर रहे थे। उनके साथ परविंदर सिंह, रंदीप सिंह, अवनीत सिंह, रिक्की सिंह, जगमीत सिंह ने शब्दों के माध्यम से गुरु का जस गायन किया। समिति के सचिव मनप्रीत सिंह भाटिया ने बताया कि नगर कीर्तन में मुख्य आकर्षण फूलों से सुज्जत्तित पालकी साहेब थी।

नगर कीर्तन का शहर वासियों और संगठनों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। मीडिया प्रभारी परविंदर सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से चल रहे कार्यक्रमों का समापन सोमवार को मुख्य आयोजन होने के साथ ही संपन्न हो जाएगा। समिति के कोश प्रमुख सरदार अवतार सिंह ने हर कार्यक्रम में तन मन धन से हिस्सा लेने की अपील की है।

# मां-बेटी की मौत के बाद परिजनों का आरोप- दामाद ने की पूजा और उसके बेट की हत्या



बड़वाहा नर्मदा मार्ग पर शनिवार शाम को एक हृदय विदारक हादसे में ग्राम उमरिया के पास जामनिया निवासी दंपती अपनी 3.5 साल की बच्ची समेत नहर में जा गिरे थे।इस हादसे में पत्नी पूजा पति आकाश (28) एवं बच्ची माही की की मौत हो गई थी।

पति आकाश पिता अंतरसिंह (30) कार का दरवाजा खोलकर बाहर निकलने में कामयाब हो गया था। घटना के बाद पूजा एवं माही को बड़वाह शासकीय अस्पताल के डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। इस हादसे के बाद पूजा के परिवारजनों ने पति आकाश पर हत्या के आरोप लगाया। शनिवार रात दोनों पक्षों में सरकारी अस्पताल में उसके बाद मध्य रात्रि में गांव जामानिया में विवाद हुआ। इसमें तलवारबाजी एवं सपथराव की घटना हुई है। इसमें पूजा के मायके पक्ष का व्यक्ति घायल हुआ है।

इस तनाव के बीच पुलिस की मौजूदगी में रविवार को पूजा एवं माही के शव पीएम कर परिवारजनों के सुपुर्द किया गया। इस दौरान दोनों पक्ष अस्पताल परिसर में उपस्थित रहे। शव लेकर निकली एंबुलेंस के साथ भी पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था साथ में चल रही थी। अंतिम संस्कार भी पुलिस की मौजूदगी में होगा।दामाद ने मारपीट कर की हत्या

अस्पताल परिसर में मौजूद पूजा के पिता कमल सोलंकी निवासी इंदौर ने अपने दामाद आकाश पर गंभीर आरोप लगाते हुए, इसे हादसा मानने के बजाय हत्या बताया है। कमल ने बताया की पूजा की मां नर्मदा परिक्रमा पर जा रही थी। जिससे मिलने के लिए ही वह ओंकारेश्वर आना चाहती थी, लेकिन आकाश ने शराब पीकर उसके साथ मारपीट की।

### एक्वाडक्ट पुल के पहले नहर में गिराई गाडी

घटना के कुछ समय पहले शाम करीब 4 बजे फोन पर हमारी पूजा से बात हुई थी। वह बहुत रो रही थी। तब मैंने उसे मना कर दिया कि यदि इस बात पर मारपीट कर रहा है तो वह ना आए, लेकिन ज्यादा जिद करने पर आकाश ने गुस्से में शराब पीकर तेज गाड़ी चलाई। नतीजतन एक्काडक्ट पुल के पहले गाड़ी उसने नहर में गिरा दी।आश्चर्य की बात तो यह है की इस पूरे घटनाक्रम में आकाश दरवाजा खोलकर बाहर आ जाता है।लेकिन पास की सीट पर बैठे पत्नी,बेटी अंदर ही रह जाते है।पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जाना चाहिए एवम आकाश के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

### पूजा के परिजनों की गाड़ी में तोडफोड

इस हादसे एक बाद दोनो पक्षों के अस्पताल में तनाव देखा गया। शनिवार रात 9 से 10 को बीच में आकाश के पिता अंतरसिंह के साथ मायके पक्ष के लोगों ने विवाद किया। बात धक्का मुक्की एवं हाथापाई तक पहुंच गई थी। इसके बाद पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। रात में ग्राम जमनिया में पहुंचे पूजा के परिजनों की गाड़ी पर पथराव हुआ। इससे गाड़ी के आगे एवं पीछे का कांच फुट गया।

अन्य को सिर में भी पत्थर लगे। इस घटना में तलवार भी चली जो मृतका पूजा के बड़े पापा रामप्रसाद पिता शंकरलाल निवासी बिजुखेड़ी को लगी। इस हमले में रामप्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए है।जिनका इलाज इंदौर के निजी अस्पताल में चल रहा है।इस हमले के लिए मायका पक्ष ने आकाश के परिजनों को जिम्मेदार ठहराया है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रित। प्रधान संपादक -नवरत्नमल जैन - फोन-(07280)224750, मो. 9407133337